सीताराम सीताराम
sītārāma sītārāma

सीताराम सीताराम सीताराम कहिये
जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये

sītārāma sītārāma sītārāma kahiye
jāhi vidhi rākhe rāma tāhi vidhi rahiye

मुख में हो रामनाम रामसेवा हाथ में
तू अकेला नाहीं प्यारे राम तेरे साथ में
विधि का विधान जान हानिलाभ सहिये
जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये

mukha meṁ ho rāmanāma rāmasevā hātha meṁ
tū akelā nāhīṁ pyāre rāma tere sātha meṁ
vidhi kā vidhāna jāna hānilābha sahiye
jāhi vidhi rākhe rāma tāhi vidhi rahiye

किया अभिमान तो फिर मान नहीं पायेगा
होगा प्यारे वही जो श्री रामजी को भायेगा
फल-आशा त्याग शुभ काम करते रहिये
जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये

kiyā abhimāna to phira māna nahīṁ pāyegā
hogā pyāre vahī jo śrī rāmajī ko bhāyegā
phala-āśā tyāga śubha kāma karate rahiye
jāhi vidhi rākhe rāma tāhi vidhi rahiye

जिन्दगी की डोर सौंप हाथ दीनानाथ के
महलों में राखे चाहे झोंपडी में वास दे
धन्यवाद निर्विवाद राम राम कहिये
जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये

jindagī kī ḍora sauṁpa hātha dīnānātha ke
mahaloṁ meṁ rākhe cāhe jhoṁpaḍī meṁ vāsa de
dhanyavāda nirvivāda rāma rāma kahiye
jāhi vidhi rākhe rāma tāhi vidhi rahiye

आशा एक रामजी से दूजी आशा छोड दे
नाता एक रामजी से दूजा नाता तोड दे
साधु संग राम संग अंग अंग रंगिये
काम रस त्याग प्यारे राम रस पीजिये

āśā eka rāmajī se dūjī āśā choḍa de
nātā eka rāmajī se dūjā nātā toḍa de
sādhu saṁga rāma saṁga aṁga aṁga raṁgiye
kāma rasa tyāga pyāre rāma rasa pījiye

सीताराम सीताराम सीताराम कहिये
जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिये

sītārāma sītārāma sītārāma kahiye
jāhi vidhi rākhe rāma tāhi vidhi rahiye